Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

No. F-(23)/EXAM-CONDUCT/2023-24/5.216/4566-74 Dated: 7/8/24

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा आदेश क्रमांक F-(23)/EXAM-CONDUCT/2023-24/5.222/4526-42 दिनांक 06.08.2024 के माध्यम से ऐसे विद्यार्थी जो निर्धारित/अनुज्ञात समय–अविध में बकाया पेपर होने के कारण अपनी डिग्री पूर्ण नही कर पाये उन्हें अपनी डिग्री पूर्ण करने के लिए एक अतिरिक्त सानुग्रह/सानुग्रह अवसर प्रदान किया गया है। यह सानुग्रह/मर्सी अवसर (विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्वति) परीक्षा 2023–24 के रूप में पृथक से माह सितम्बर 2024 के अन्तिम सप्ताह से आयोजित करवायी जानी प्रस्तावित है।

अतिरिक्त सानुग्रह अवसर की परीक्षा के ऑनलाईन (मय मिडटर्म/सत्रांक सुधार) परीक्षा फार्म दिनांक 08.08.2024 से 31.08.2024 तक भरवाये जा रहे है। सम्बन्धित छात्र अपने महाविद्यालय के माध्यम से निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करवाकर नियत अवधि में ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

साथ ही लेख है कि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध B.Tech, B.Arch, BHMCT, BBA, MCA, MBA, M.Tech. एवं M.Arch. पाठ्यक्रमों के ऐसे महाविद्यालय जो गत वर्षों में पूर्ण रूप से बन्द हो चुके हैं व उनमें वर्तमान में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कोई पाठ्यक्रम संचालित नहीं हैं, ऐसे महाविद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं कि वे अपनी सम्बन्धित सानुग्रह/मर्सी अवसर परीक्षा (विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्वति परीक्षा 2023–24) का ऑन–लाईन परीक्षा फार्म निम्नांकित नोडल केन्द्र पर भरना सुनिश्चित करें :–

महाविद्यालय/नोडल केन्द्र का नाम	पाठयक्रम/परीक्षा
कम्प्युकॉम इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेन्ट, एस.पी.–05, 5ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर	समस्त पाठ्यक्रम

सम्बधित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय पर उपस्थित होकर व बन्द हो चुके महाविद्यालयों की दशा में उक्त नोडल केन्द्र पर नियत तिथि के भीतर तक कार्यालय समय के दौरान अपना परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें। महाविद्यालय अन्तिम तिथि को परीक्षा फार्म भरने की प्रकिया को अपने पोर्टल से पूर्ण करने हेतु 1 दिवस पूर्व परीक्षा आवेदन स्वीकार बंद कर सकता है, अतः छात्र अन्तिम तिथि का इंतजार किये बिना समय–सीमा के भीतर महाविद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

इस सम्बन्ध में समस्त महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त सानुग्रह अवसर परीक्षा के योग्य समस्त छात्रों को सूचित कर उनके सैद्धान्तिक एवं मिडटर्म/सत्रांक सुधार (यदि किसी छात्र के मिडटर्म/सत्रांक में पूर्व के प्राप्तांक कम है तो ऐसे छात्र मिडटर्म/सत्रांक में आवश्यक रूप से improvement का परीक्षा फार्म भरकर उसकी परीक्षा देवें) का ऑनलाईन परीक्षा फार्म नियत अवधि में निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करवाकर भरना सुनिश्चित करें। यदि इस सानुग्रह परीक्षा 2023–24 के योग्य छात्र परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसके लिये सम्बन्धित महाविद्यालय/विद्यार्थी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा।

साथ ही सम्बन्धित विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम की समस्त अंकतालिकाओं का गहनता से अवलोकन कर यह सुनिश्चित कर ले कि उनमें किसी पेपर के आन्तरिक, बाह्य मूल्यांकन, प्रायोगिक, सत्रांक इत्यादि समस्त कम्पोनेंट में कोई बकाया/अनुत्तीर्ण/स्टार तो अंकित नही है। यदि इस तरह का कोई प्रकरण ज्ञात होता है तो उसका परीक्षा फार्म आवश्यक रूप से भरकर नियम अनुसार परीक्षा देकर उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rtu.ac.in के सतत सम्पर्क मे रहें।

(प्रो. धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय
2. डीन, फेकल्टी अफेयर्स, आरटीयू
3. निदेशक/प्राचार्य, कम्प्युकॉम इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टैक्नोलॉजी एण्ड मेनेजमेन्ट एस.पी.–05, 5ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीतापुरा, जयपुर **(नोडल केन्द्र)**
4. निदेशक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
5. उप कुलसचिव (परीक्षा)
6. वेब मास्टर, आरटीयू
7. समस्त सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
8. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी, आरटीयू

(सत्यपाल यादव)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)